आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 24.11.2024

मुख्य समाचारः–

1– आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से बुजुर्गों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए आगे आने को कहा।

2– आज रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित एनसीसी दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

3– भारतीय संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर छब्बीस नवंबर से प्रदेश में सालभर 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' के नाम से स्मरणोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

4– सुकमा जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक जवान घायल।

मन की बात–01

आज आकाशवाणी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की एक सौ सोलहवीं कड़ी का प्रसारण किया गया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधनमंत्री ने युवाओं से बुजुर्गों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए आगे आने को कहा। उन्होंने अहमदाबाद के राजीव का उदाहरण देते हुए बताया कि वे लोगों को डिजिटल अरेस्ट के खतरे के बारे में आगाह कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है।

*हमें बार–बार लोगों को समझाना होगा कि डिजिटल अरेस्ट नाम का सरकार में कोई भी प्रावधान नहीं है यह सरासर झूठ लोगों को फंसाने का एक षडयंत्र है। मुझे खुशी है कि हमारे युवा साथी इस काम में पूरी संवेदनशीलता से हिस्सा ले रहे हैं और दूसरों को भी प्रेरित कर रहे हैं।*

प्रधानमंत्री ने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने निस्वार्थ भाव से समाज के लिए काम करने वाले युवाओं के बारे में बात की। उन्होंने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के मामले में वृद्धजनों की सहायता करने वाले लखनऊ के वीरेंद्र की प्रशंसा की। श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ने वृद्धजनों के लिए बड़ी सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र पाने वालों की संख्या अस्सी लाख से अधिक हो गई है।

मन की बात–02

आज राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर श्री मोदी ने कैडेट के रूप में अपने दिनों का स्मरण किया। श्री मोदी ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर के दर्जनों देशों में लाखों भारतीय हैं, जिनके पूर्वजों की अपनी–अपनी कहानियाँ हैं। उन्होंने लोगों से ऐसी कहानियों की तलाश करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने लोगों से इन कहानियों को नमो ऐप या माई जीओवी डॉट इन पर साझा करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में सौ करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर ली है। श्री मोदी ने पूरे देश के लोगों के इस अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस अभियान ने 100 करोड़ पेड लगाने का अहम पड़ाव पार कर लिया है। वो भी सिर्फ पांच महीनों में। यह हमारे देशवासियों के अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है। एक पेड मां के नाम अभियान अब दुनिया के दूसरे देशों में भी फैल रहा है।

श्री मोदी ने स्वच्छता के बारे में कहा कि सरकारी कार्यालयों से दशकों पुरानी फाइलें और कबाड़ हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सरकारी विभागों में आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं।

मन की बात–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज पुलिस मैस रायपुर में पुलिस जवानों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने देवेंद्र नगर स्थित अपने निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

मुख्यमंत्री–लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल बिलासपुर के रिवर व्यू पर बने श्री रामसेतु मार्ग का लोकार्पण किया। लेजर शो और आतिशबाजी के माध्यम से श्री रामसेतु मार्ग के लोकार्पण का जश्न मनाया गया और साथ में बिलासपुर विकास दीप महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर दस हजार दीपक अरपा नदी में छोड़े गए। इस अवसर पर शहर के दो छोरों को आपस में जोड़ने वाले अरपा के दोनों पुलों को आकर्षक लाइट से सजाया गया। समारोह में मुख्यमंत्री ने मल्हार महोत्सव को बिलासपुर में फिर से शुरू करने और महोत्सव के लिए बीस लाख रुपए के बजट का प्रावधान किए जाने की घोषणा की।

वहीं, मुख्यमंत्री ने बिलासपुर के सिटी कोतवाली स्थित उनतीस करोड़ छिहत्तर लाख रूपए की लागत से बनाए गए मल्टीलेवल पार्किंग का लोकार्पण किया। लोगों की सुविधा के लिए साढ़े तीन एकड़ में कोतवाली थाना परिसर में यह तीन मंजिला मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाया गया है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री कल बिलासपुर में ही आयोजित सैतालीसवें राउत नाचा महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री राउत नाचा की पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। साथ ही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री यादव समाज को राउत नाचा पर्व की बधाई दी।

मुख्यमंत्री–फुटबॉल प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के ग्राम बागबहार मिनी स्टेडियम में आयोजित ओपन चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बागबहार अस्पताल को दस बेड से तीस बेड करने की घोषणा भी की। उन्होंने कोतबा में अपेक्स बैंक खोलने की भी घोषणा की।

धान खरीदी

प्रदेश में इन दिनों धान खरीदी का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि इस वर्ष भी किसानों से प्रति एकड़ इक्कीस क्विंटल के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। किसानों को इसे लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

मुख्यमंत्री–एनसीसी दिवस समारोह

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित छिहत्तरवें एनसीसी दिवस समारोह में शामिल हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की भावना को जगाता है और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में हमारे एनसीसी कैडेटों को हवाई उड़ान का अनुभव और प्रशिक्षण रायपुर में दिया जाता है, जिसका खर्च छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वहन किया जाता है। प्रदेश में रायपुर के साथ–साथ बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, जशपुर में भी हवाई पट्टियां हैं, यह प्रशिक्षण वहां भी शुरू किया जा सकता है। इससे इन अंचलों के कैडेटों को भी लाभ होगा। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने परेड की सलामी ली।

मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केडेट्स को पुरस्कृत किया।

वहीं, दुर्ग स्थित बटालियन में भी एनसीसी दिवस समारोह में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीसी दुर्ग के कमान अधिकारी कर्नल मकसूद अली खान ने की। इस मौके पर बटालियन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे एनसीसी के अधिकारी और कैडेट्स ने सैंतालीस यूनिट रक्तदान किया।

जवान घायल

सुकमा जिले में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र अंतर्गत रायगुड़ा कैम्प से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के जवान सर्चिंग के लिए निकले हुए थे। इसी दौरान रायगुड़ा के जंगल में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी का जवान पोड़ियाम विनोद घायल हो गया। घायल जवान का इलाज जारी है और उसकी हालत खतरे से बाहर है।

वहीं, इसी जिले में सर्चिंग अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने चिंतलनार–नरसापुरम मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए एक आईईडी को बरामद किया है, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया।

संविधान दिवस–स्मरणोत्सव

भारतीय संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर छब्बीस नवंबर से प्रदेश में सालभर 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' के नाम से स्मरणोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन चार स्तंभों – संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जानें, संविधान का निर्माण और संविधान के गौरव विषय पर केन्द्रित होगा। रायपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के साथ सभी मंत्री, विधायक और अन्य व्यक्तियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। संविधान दिवस पर स्कूलों और कॉलेजों में प्रश्नोत्तरी वाद–विवाद और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अनुसूचित जाति, जनजाति गांवों में पन्द्रह दिवसीय संविधान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। वहीं, ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का भी आयोजन भी किया जाएगा। इसमें संविधान के अनुच्छेद इंक्यावन–ए के तहत नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को पढ़ा और समझाया जाएगा। साथ ही जीवित स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा।

<u>मंत्री–दुर्घटना</u>

महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के काफिले की चार गाड़ियां आज आपस में टकरा गई। हालांकि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर–रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम चरगढ़ के पास ट्रक चालक की लापरवाही के चलते ये हादसा हुआ है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बलरामपुर जिले के कुसमी में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जा रही थी।

हादसे की खबर मिलने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से फोन पर बात की और उनका हालचाल जाना। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मुख्यमंत्री को सभी के सकुशल होने की जानकारी दी है।

<u>मुख्यमंत्री–निशा यादव</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पर्वतारोही निशा यादव को स्वेच्छानुदान से स्वीकृत तीन लाख पैंतालीस हजार रूपए की राशि का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री को कुछ दिन पहले निशा की कमजोर आर्थिक स्थिति का पता चला तो उन्होंने निशा से फोन पर बात कर सरकार की ओर से उन्हें सभी तरह के सहयोग का भरोसा दिया था। इस अवसर पर निशा यादव ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलीमंजारों पर्वत को फतह करना चाहती हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>